नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajdhani - 18 Mar 2021 - 18raj5

स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

रासेयो

- **स्वच्छ भारत एवं स्वच्छ मानस थीम पर कार्यक्रम**

• नवभारत ब्यूरो. | रायपुर.
www.navabharat.news

स्वच्छ भारत एवं स्वच्छ मानस थीम पर स्वच्छता कार्य योजना 2020-2021 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रबंधन संस्थान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसके साथ ही स्वयं सेवकों एवं अधिकारियों द्वारा कुकुरबेड़ा एवं कुकुरबेड़ा में स्थित हुक्रवासान की सफाई का कार्य किया गया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति लोगों जागरूक किया. कार्यशाला का शुभारंभ कुलसचिव प्रो. गिरीशकांत पाण्डेय ने किया. क्षेत्रीय निदेशक रासेयो भोपाल ए.एस. कबीर शाहर, राज्य एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह, कार्यक्रम समन्वयक रासेयो डॉ. नीता बाजपेयी उपस्थित रहीं. कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से 106 स्वयं सेवक एवं 15 कार्यक्रम अधिकारी एवं अधिकारी सहित कुल 121 लोगों की उपस्थिति रही. द्वितीय सत्र में उच्च शिक्षा सचिव धनंजय देवांगन, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केशरी लाल वर्मा, डॉ. आशीष श्रीवास्तव संचालक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित रहे.

एड्स जागरूकता पर रंगोली

रायपुर 23 जनवरी। स्थानीय गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया इस प्रतियोगिता में 22 प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें नेताजी के जीवन चरित्र पर रेखांकित करते हुए तथा समसामयिक विषयों पर केंद्रित करते हुए छात्र छात्राओं ने रंगोली बनाई। साथ ही एड्स जागरूकता पर प्रतिभागियों ने रंगोली बनाई।

इस रंगोली प्रतियोगिता में छात्र ने बाजी मारी वही दूसरे व तीसरे क्रम में निम्न छात्र रहे अन्य छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस रंगोली प्रतियोगिता में विशेष रुप से महाविद्यालय प्रबंधन सचिव अजय तिवारी प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी एवं पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष आर पी दुबे क्रीड़ा अधिकारी विजय शर्मा एनएसएस इकाई के प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत साहू विशेष रुप से सम्मिलित हुए इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्राची मिश्रा रेणुका साहू ,सृष्टि साहू तनु ,सीकदार, ऐश्वर्या देवांगन ,करण जगत ,कार्तिकेय देवांगन ,राकेश टेम्रे ,विनय देवांगन, चंद्रकांत वर्मा शामिल रहे साथ ही प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा

स्ट्रीट प्ले से दिया सफाई का मैसेज, बताए ह्यूमन राइट्स

रायपुर | महंत कॉलेज के एनएसएस के स्वयं सेवकों ने मुरा गांव में सात दिवसीय कैंप लगाया। कैंप में कॉलेज स्टूडेंट्स ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति जैसे इश्यू पर अवेयर किया। स्ट्रीट प्ले से स्टूडेंट्स ने लोगों को स्वच्छता के लिए अवेयर किया। महिलाओं और बच्चियों को ह्यूमन राइट्स बताए। इसके अलावा कल्चरल प्रोग्राम में स्टूडेंट्स ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी। इस मौके पर अजय तिवारी, रूकमणी निषाद, प्रिंसिपल डॉ. देवाशीष मुखर्जी, डॉ. लक्ष्मीकांत साहू, विजय शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajdhani - 05 Dec 2019 - raj6

रासेयो विद्यार्थियों ने दिव्यांग छात्र को भेंट की बैशाखी

सात दिनी शिविर में दिया स्वच्छता का संदेश

रायपुर. महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ग्राम-कन्हेरा-टेकारी में सात दिवसीय शिविर का आयोजन 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक हुआ. इस दौरान रासेयो के 55 विद्यार्थियों ने ग्राम में स्वच्छता का संदेश देकर ग्रामीणों को जागृत किया. वहीं शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम के एक दिव्यांग छात्र शंकर को स्वयं की पॉकेट मनी से राशि एकत्र कर बैसाखी प्रदान की. वहीं शिविर के समापन अवसर पर महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्रभारी प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मीकांत साहू, सरपंच यशवंत ध्रुव, पूर्व सरपंच रिखीराम साहू, उधोराम, गुलाब साहू, भेखराम साहू, टेकराम साहू आदि मौजूद रहे.

शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने नाली सफाई, सोख्ता गड्ढे का निर्माण तालाब व पचरी के घाट की सफाई के कार्य किए. साथ ही नृत्य प्रस्तुति देकर व नशा मुक्ति, महिला शिक्षा, स्वच्छ पर्यावरण, स्वच्छता आदि पर आधारित नाटकों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को जागृत किया. वहीं प्रभातफेरी व बौद्धिक चर्चा में नक्सलवाद की समस्या, महिला आरक्षण का औचित्य, नोटबंदी, नारा-वाद-पुरुष-नारी आदि विषयों पर अपने विचार रखे.